Series Z1YXW/1

SET ~ 1

प्रश्न–पत्र कोड **4/1/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

| नोट | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं । |
| (ii) | प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 18 प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'** ।*

*(iii)* ***खंड-'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

## (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है । अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था, जिसे माता-पिता या घर के बड़े लोग नियंत्रित कर सकते हैं, मगर मोबाइल, टैब तो हाथ में होता है । उस पर कितना समय बिताया, यह आसानी से पता नहीं चलता । फिर अगर ये पढ़ाई का हिस्सा हो, तब भी कोई रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है ? एक वक्त था, जब स्कूलों में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था । लेकिन कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्ट-फोन की दूरी हटा दी । उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नज़र रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं ? ऐसी रिपोट भी आई हैं कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं । गलत वेबसाइटों पर जाकर तथा उसे देखकर कई बच्चे ऐसे-ऐसे अपराध करने लगे हैं जिनके बारे में पहले सुना नहीं जाता था । समय आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए । यदि समय के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इन्हें नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता, मगर एक संतुलन भी आवश्यक है ।

(i) गद्यांश में कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल को अधिक हानिप्रद क्यों माना गया है ? **1**

(a) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण आँखों पर बुरा असर पड़ता है ।

(b) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण इसका रेडियेशन भी अधिक होता है ।

(c) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता ।

(d) छोटा होने के कारण इसके गुम जाने पर इसे खोजना मुश्किल होता है ।

(ii) टैब और मोबाइल पर रोक लगाने में सबसे बड़ी बाधा क्या है ? **1**

(a) माता-पिता तथा अभिभावकों का शिक्षित न होना ।

(b) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना ।

(c) रोक लगाने के उपायों की जानकारी न होना ।

(d) बच्चों का टैब और मोबाइल का आदी होना ।

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

**कथन (A) –** गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर एक जागरूकता अभियान आवश्यक है ।

**कारण (R) –** गैजेट्स वर्तमान में शिक्षा-व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है । **1**

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

(iv) उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार किस देश के बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं ? **1**

(a) जापान (b) चीन

(c) भारत (d) अमेरिका

(v) कोरोना ने छोटे स्क्रीन के उपयोग को किस रूप में प्रभावित किया ? **1**

(a) छोटे स्क्रीन का उपयोग कम हो गया ।

(b) छोटे स्क्रीन का उपयोग न्यूनतम हो गया ।

(c) इसका उपयोग बिलकुल अप्रभावित ही रहा ।

(d) इसका उपयोग काफी अधिक बढ़ गया ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

पृथ्वी पर लगातार मँडराते खतरे को देखते हुए एक अमेरिकी उद्यमी द्वारा एक इंसानी बीज बैंक को चाँद पर स्थापित करने की तैयारी हो गई है । अगर कभी इस धरती पर इंसान खत्म हो गए तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा । एक भी इंसान नहीं बचा, तो फिर बैंक का क्या होगा ? यह भी सोच लिया गया है । उस स्थिति में शायद कभी किसी और ग्रह से जीव या एलियन आएँगे और चाँद पर पहुँचकर उस बैंक के सहारे इंसान जैसी खूबसूरत कृति पुनः निर्मित करेंगे । पृथ्वी पर विनाश की स्थिति में मानव बीज बैंक ही मानव के पुनर्जन्म की संभावना को जीवित रखेगा । ऐसा स्वप्न देखने वाली कंपनी लाइफशिप की स्थापना 2019 में हो गई थी । यह कंपनी लार के रूप में लोगों का डी एन ए चाँद पर भेजने की पेशकश करती है । यह एक तरह से 99 डॉलर में चाँद के लिए एकतरफा टिकट है । चाँद पर आपकी लार मानव बीज बैंक में हमेशा के लिए रह जाएगी । वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो यह मानव डाटा या मानव अस्तित्व के मूल को हमेशा के लिए संरक्षित करने का काम है । सौरमंडल के विभिन्न हिस्सों में और शायद उससे आगे भी ऐसे किसी बैंक की स्थापना संभव है ।

(i) 'लाइफशिप' मानव बीजों को किस रूप में संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है ? **1**

(a) रक्त के रूप में डी एन ए (b) लार के रूप में डी एन ए

(c) बीज के रूप में डी एन ए (d) सेल के रूप में डी एन ए

(ii) भविष्य में मानव अस्तित्व को संरक्षित करना संभव है – **1**

(a) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों से मदद लेकर ।

(b) सौरमंडल के दूसरे ग्रहों के प्राणियों को मदद देकर ।

(c) सौरमंडल को छोड़कर उससे आगे बीज बैंक स्थापित करके ।

(d) सौरमंडल तथा उससे आगे भी बीज बैंक स्थापित करके ।

(iii) मानव मूल को चाँद पर मानव बीज बैंक के रूप में स्थापित करने जैसे प्रयास को क्या माना जा सकता है ? **1**

(a) काल्पनिक (b) वैज्ञानिक

(c) अवैज्ञानिक (d) वैचारिक

(iv) लाइफशिप कंपनी की स्थापना किस उद्देश्य से की गई है ? 1

(a) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ कृति के बारे में बताना परंतु उन्हें पृथ्वी से दूर रखना :

(b) एलियन्स को धरती पर मानव जैसी सर्वश्रेष्ठ कृति के बारे में बताना परंतु उन्हें चाँद पर ही रखना ।

(c) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को पुनर्जन्म देने की संभावना को जीवित रखना ।

(d) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को चाँद पर जीवित रखने की कोशिश करना ।

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : 1

(क) मानव बीज बैंक धरती पर इंसानी सभ्यता के नष्ट होने की स्थिति में उपयोगी होगा ।

(ख) मानव बीज बैंक चाँद पर सामान्य परिस्थितियों में भी सामान्य बैंक की तरह कार्यरत होगा ।

(ग) मानव बीज बैंक की चाँद पर स्थापना करने का विचार सर्वथा अवास्तविक और काल्पनिक है ।

(घ) मानव बीज बैंक की स्थापना नासा द्वारा किया गया एक विशेष अभियान है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा / कौन-से, कथन सही है / सही हैं ?

(a) केवल (क) (b) केवल (ख)

(c) (क) और (ग) (d) (ख) और (घ)

3. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 4 × 1 = 4

(i) "उन्होंने <u>छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा</u> किराए पर ले रखा था ।" वाक्य में रेखांकित पदबंध है – 1

(a) विशेषण पदबंध (b) क्रियाविशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

(ii) "उसने एक तूफ़ानी रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाजों को उठाकर गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया था ।" 1

(क) जहाजों को उठाकर (ख) लहरों पर दौड़ते हुए

(ग) तीन दिशाओं में (घ) फेंक दिया था ।

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया पदबंध का उदाहरण है / हैं –

(a) केवल (क) (b) केवल (घ)

(c) (ख) और (घ) (d) (क) और (घ)

(iii) "वे एशिया के सबसे बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे ।" – इस वाक्य में क्रिया पदबंध है – 1

(a) एशिया के सबसे बड़े (b) सबसे बड़े शोमैन

(c) के रूप में स्थापित (d) स्थापित हो चुके थे ।

(iv) "महंत की चिकनी-चुपड़ी बातों के भीतर की सच्चाई भी अब वह जान गए थे ।" – रेखांकित पदबंध का प्रकार है – 1

(a) सर्वनाम पदबंध (b) विशेषण पदबंध

(c) क्रियाविशेषण पदबंध (d) संज्ञा पदबंध

(v) "अपने बच्चों को न पाकर वे खामोश और उदास हो गए ।" रेखांकित पदबंध का भेद है – 1

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया पदबंध

4. रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : 4 × 1 = 4

(i) 'जब तमाम बच्चे खिलखिलाकर हँस पड़े तो वह शरमा गया।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए । 1

(a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

(ii) 'मैं उनकी लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता ।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है – 1

(a) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता ।

(b) उनकी लताड़ के डर से मेरे आँसू बह जाते ।

(c) उनकी लताड़ सुनते ही मैं आँसू बहाने लगता ।

(d) जब मैं उनकी लताड़ सुनता, तब आँसू बहाने लगता ।

(iii) 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' विषय के संदर्भ में लिखिए कि निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है ? 1

(a) मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य के साथ आश्रित उपवाक्य भी होते हैं ।

(b) वाक्य रूपांतरण, वाक्य को रचना की दृष्टि से एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित करना है ।

(c) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है ।

(d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित हो जाता है ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य नहीं है : 1

(a) ऐसी कई बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें अधिक है ।

(b) मुझे तुम्हारी इस कम-अक्ली पर दुःख होता है ।

(c) भाई साहब अब बहुत कुछ नरम पड़ गए थे ।

(d) सहसा बड़े भाई साहब से मेरी मुठभेड़ हो गई ।

(v) 'मेरे सयाना होने पर मेरी पहली दोस्ती हरिहर काका के साथ हुई ।' यह वाक्य रचना की दृष्टि से है – 1

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) 'शिल्पकार' शब्द किस समास का उदाहरण है ? 1

(a) तत्पुरुष समास (b) अव्ययीभाव समास

(c) द्वंद्व समास (d) बहुव्रीहि समास

(ii) किस समास में उत्तर पद प्रधान होता है ? 1

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास

(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास

(iii) 'महाविभूति' समस्त पद का उपयुक्त समास-विग्रह है – 1

(a) महान की विभूति (b) महान है जो विभूति

(c) महान के लिए विभूति (d) महान से विभूति

(iv) बहुव्रीहि समास का उदाहरण है – 1

(a) पुस्तकालय (b) मेखलाकार

(c) जनसंख्या (d) पंचानन

(v) 'दुःख-रात्रि' का सही समास-विग्रह और भेद किस विकल्प में है ? 1

(a) दुःख रूपी रात्रि – कर्मधारय समास

(b) दुःख और रात्रि – द्वंद्व समास

(c) दुःखी समान रात्रि – कर्मधारय समास

(d) दुःख समान रात्रि – तत्पुरुष समास

6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित **छह** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'तीर मारना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है – **1**

(a) बड़ा काम करना (b) तीर से मारना

(c) अच्छा निशाना लगाना (d) निशानेबाज होना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : **1**

(I) हेकड़ी दिखाना – घमंड दिखाना

(II) ठंडा पड़ना – शांत होना

(III) सिर फिरना – अस्वस्थ होना

(IV) बाट जोहना – प्रतीक्षा करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/कौन-से युग्म, गलत सुमेलित है/हैं ?

(a) केवल (II) (b) केवल (III)

(c) (I) और (II) (d) (III) और (IV)

(iii) 'अस्तित्व को समाप्त कर देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन-सा है ? **1**

(a) आग-बबूला हो जाना । (b) नामो-निशान मिटा देना

(c) घाव पर नमक छिड़कना । (d) ज़मीन पर पाँव न रखना ।

(iv) 'वह पहले भी कई बार पुलिस की ______ है ।' रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए । **1**

(a) धमाचौकड़ी मचाना (b) तार-तार करना

(c) सिर पर कफन बाँधना (d) आँखों में धूल झोंकना

(v) 'बेकार वस्तु' के लिए उपयुक्त मुहावरा है – **1**

(a) दूध की मक्खी (b) गिद्ध दृष्टि

(c) मुट्ठी भर (d) लगती बात

(vi) 'मेरे दरजे में आओगे लाला तो ये सारे ______ पड़ेंगे ।'

रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए । **1**

(a) पापड़ बेलना (b) पन्ने रंगना

(c) फ़जीहत करना (d) चने चबाना

7. पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर
इस तरफ आने पाए न रावन कोई
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे
छू न पाए सीता का दामन कोई
राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) काव्यांश में 'रावन' किसका प्रतीक है ? **1**

(a) अधर्म के मार्ग पर चलने वाले का
(b) असत्य के मार्ग पर चलने वाले का
(c) भारत के प्रति शत्रुता-भाव रखने वाले का
(d) भारत के प्रति सद्भावना रखने वाले का

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A)** – देश की रक्षा का दायित्व केवल सैनिकों का है ।

**कारण (R)** – देशवासियों को राम-लक्ष्मण के समान राष्ट्र रूपी सीता की रक्षा करनी चाहिए ।

(a) कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है ।
(b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है ।
(c) कथन (A) तथा कारण कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(iii) 'खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर' – का आशय है – **1**

(a) देश के लिए न्योछावर होने का उदाहरण रखना ।
(b) रक्त-रंजित युद्ध में बढ़ चढ़कर भाग लेना ।
(c) रक्त-रंजित युद्ध से बचने का प्रयास करना ।
(d) देश हेतु आत्म बलिदान की जरूरत न होना ।

(iv) 'साथियो' संबोधन से किसे संबोधित नहीं किया गया है ? **1**

(a) देशवासियों को (b) साथी सैनिकों को

(c) भावी सैनिकों को (d) प्रवासियों को

(v) काव्यांश में किसके हाथों को तोड़ने की बात की गई है ? **1**

(a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की

(b) देश के प्रति उदार मंशा रखने वाले की

(c) सीता का अपहरण करने वाले व्यक्ति की

(d) सीता को अपमानित करने वाले व्यक्ति की

8. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए उचित विकल्पों को चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : **1**

(क) हमारे पूर्वजों ने तोप जैसी अत्याचारी सत्ता को निस्तेज कर उखाड़ फेंका था।

(ख) हमें सदा सजग–सतर्क रहना चाहिए ताकि तोप जैसी ताकतें पुनः अपना पैर न जमाएँ।

(ग) विरासत से प्राप्त चीजें हमें सिर्फ अतीत की उपलब्धियों से परिचित कराती हैं।

(घ) बीता समय कभी नहीं लौटता इसलिए हमें विरासत पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से सही कथन बताने के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (क) और (ख) (b) (ख) और (ग)

(c) (ग) और (घ) (d) (क) और (घ)

(ii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि ईश्वर से क्या चाहता है ? **1**

(a) सुख के क्षणों में परमात्मा की याद

(b) दुःख के क्षणों में एक सच्चा साथी

(c) जीवन में दुःख के क्षणों का अभाव

(d) जीवन में सुख के क्षणों का अभाव

9. पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

वामीरो घर पहुँचकर भीतर ही भीतर कुछ बेचैनी महसूस करने लगी । उसके भीतर तताँरा से मुक्त होने की एक झूठी छटपटाहट थी । एक झल्लाहट में उसने दरवाज़ा बंद किया और मन को किसी और दिशा में ले जाने का प्रयास किया । बार-बार ततांरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता । उसने ततांरा के बारे में कई कहानियाँ सुन रखी थीं । उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था । किंतु वही ततांरा उसके सम्मुख एक अलग रूप में आया । सुंदर, बलिष्ठ किंतु बेहद शांत, सभ्य और भोला । उसका व्यक्तित्व कदाचित वैसा ही था जैसा वह अपने जीवन-साथी के बारे में सोचती रही थी । किंतु एक दूसरे गाँव के युवक के साथ यह संबंध परंपरा के विरुद्ध था । अतएव उसने उसे भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा । किंतु यह असंभव जान पड़ा । ततांरा बार-बार उसकी आँखों के सामने था । निर्निमेष याचक की तरह प्रतीक्षा में डूबा हुआ ।

(i) गद्यांश में आए 'झल्लाहट' शब्द का आशय है – **1**

(a) ततांरा के प्रति प्रेम-प्रदर्शन का उल्लास

(b) ततांरा से छुटकारा पाने की व्याकुलता

(c) ततांरा के गीत सुनाने संबंधी आग्रह की खीझ

(d) ततांरा से मिलने के उत्साह का क्षोभ

(ii) वामीरो अपने मन को किसी अन्य दिशा में ले जाने का प्रयास क्यों कर रही थी ? **1**

(a) ततांरा का व्यक्तित्व उसे लुभा रहा था ।

(b) ततांरा के प्रति प्रेम से वह व्याकुल हो रही थी ।

(c) ततांरा को वह गीत नहीं सुनाना चाहती थी ।

(d) ततांरा के साथ वह संबंध नहीं बनाना चाहती थी ।

(iii) ततांरा का व्यक्तित्व वामीरो के लिए था **1**

(a) प्रतिकूल (b) मनोनुकूल

(c) कष्टदायक (d) अशांतिदायक

(iv) गद्यांश के अनुसार कौन-सा संबंध परंपरा के विरुद्ध माना गया है ? 1

(a) दूर के गाँव में वर-कन्या का वैवाहिक संबंध

(b) एक कुल के वर और कन्या का आपसी संबंध

(c) दूसरे गाँव के वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

(d) एक गाँव के ही वर और कन्या का वैवाहिक संबंध

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

**कथन (A) :** वामीरो ने तताँरा को भूल जाना ही श्रेयस्कर समझा ।

**कारण (R) :** वह बेहद शांत, सभ्य और भोला था ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

10. पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर लिखिए कि भारतीय फिल्मों की सबसे बड़ी कमजोरी क्या है ? 1

(a) लोक तत्त्व का अभाव

(b) लोक कला का अभाव

(c) लोक संगीत का अभाव

(d) लोक कल्याण का अभाव

(ii) 'झेन की देन' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि मनोरुग्णता से बचाव कैसे किया जा सकता है ? **1**

(a) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा-भावना का त्याग करके ।

(b) अमेरिका जैसे देशों से प्रतिस्पर्धा में आगे निकल कर ।

(c) अतीत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में जी कर ।

(d) वर्तमान की चिंता त्याग अतीत और भविष्य में जी कर ।

## खंड – 'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक की माँ द्वारा उन्हें समय-समय पर क्या निर्देश दिए जाते थे ? उन निर्देशों के माध्यम से पाठकों को क्या सीख दी गई है ?

(ख) 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर लिखिए कि 'पशु पर्व' में तताँरा के क्रोधित होने का क्या कारण था ?

(ग) खेलों में रुचि होते हुए भी बड़े भाई साहब अपने शौक को पूरा क्यों नहीं कर पाते थे ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'साखी' पाठ के आधार पर 'घर' की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कबीर अपने बताए मार्ग पर चलने वालों का घर क्यों जलाना चाहते हैं ?

(ख) 'हैं झाँक रहे नीरव नभ पर' 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से ली गई पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'मनुष्यता' कविता के संदर्भ में लिखिए कि उदार लोगों के प्रति संसार कैसा आचरण करता है ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'हरिहर काका' कहानी की पृष्ठभूमि ग्रामीण जीवन पर आधारित है, जिसमें पारिवारिक संबंधों के निःस्वार्थ प्रेम के स्थान पर बढ़ती स्वार्थ-लिप्सा को दर्शाया गया है । क्या यह कहानी शहरी जीवन के यथार्थ को भी उजागर करती है ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में वर्णित 'ओमा' जैसा व्यक्तित्व कभी भी अनुकरणीय क्यों नहीं हो सकता ?

(ग) इफ़्फ़न का अपनी दादी से विशेष लगाव होने के क्या कारण थे ? 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) पार्क में खेलते बच्चे

संकेत बिंदु – • पार्क की शोभा, • बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेलों का प्रारूप, • बच्चों का उत्साह, • उमंग और प्रसन्नता, • उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया

(ख) बड़े मॉल : रोजगार के नवीन अवसर

संकेत-बिंदु – • क्या है ? • अलग कैसे ?, • सकारात्मक-नकारात्मक प्रभाव, • सुझाव

(ग) नारी सशक्तिकरण : सुदृढ़ समाज का आधार

संकेत-बिंदु – • क्या है ? • क्यों ? • बाधाएँ • सुझाव

15. (क) आप ललितपुर निवासी मानव/ मानवी हैं । अपने क्षेत्र की सड़कों के खराब रख-रखाव से होने वाली असुविधाओं के बारे में बताते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप प्रयाग निवासी रीतेश मुखर्जी / रीता मुखर्जी हैं । आपका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है और उसका दुरुपयोग किया जा रहा है । इसकी शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के साइबर सेल को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80** शब्दों में सूचना लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) आप सुनील शर्मा / सुनीता शर्मा हैं और बाल विकास विद्यालय के विद्यार्थी सचिव हैं। विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय में होने वाली अंतरविद्यालयी निबंध प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के / की अध्यक्ष / अध्यक्षा अमृत कौशल / अमृता रानी हैं। सोसायटी में आयोजित होने वाले दिवाली मेले की जानकारी देते हुए लगभग **80** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) 'कचरा प्रबंधन' के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) 'सोलर कूकर' बनाने वाली कंपनी 'सूर्यरश्मि' के प्रचार–प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (क) 'संगति का फल' शीर्षक विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप रोहन दास / रोहिणी दास हैं। 'अ.ब.स.' पुस्तक भंडार के प्रबंधक महोदय को अपने घर के पते पर पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक भंडार के ई–मेल पते पर लगभग **100** शब्दों में ई–मेल लिखिए।

# <u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट  परीक्षा, 2023

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/1/1, 4/1/2, 4/1/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'

| प्रश्न सं. | 4/1/1 | 4/1/2 | 4/1/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (c) छोटा होने के कारण इस पर बिताए समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता।<br>(ii) (b) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना।<br>(iii) (d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(iv) (c) भारत<br>(v) (d) इसका उपयोग काफी अधिक बढ़ गया। | **5 x 1 = 5** |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (b) लार के रूप में डीएनए<br>(ii) (d) सौरमंडल तथा उससे आगे भी बीज बैंक स्थापित करके<br>(iii) (b) वैज्ञानिक<br>(iv) (c) पृथ्वी पर संपूर्ण विनाश की स्थिति में मानव को पुनर्जन्म देने की संभावना को जीवित रखना।<br>(v) (a) केवल (क) | **5 x 1 = 5** |
| **3** | **3** | **6** | **4** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) संज्ञा पदबंध<br>(ii) (b) केवल (घ)<br>(iii) (d) स्थापित हो चुके थे<br>(iv) (b) विशेषण पदबंध<br>(v) (b) सर्वनाम पदबंध | **4 x 1 = 4** |
| **4** | **4** | **-** | **-** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) मिश्र वाक्य | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ii) (d) जब मैं उनकी लताड़ सुनता, तब आँसू बहाने लगता।<br>(iii) (d) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ भी परिवर्तित हो जाता है।<br>(iv) (a) ऐसी कई बातें हैं जिनका ज्ञान उन्हें अधिक है।<br>(v) (b) सरल वाक्य | |
| | - | 4 | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) मिश्र वाक्य<br>(ii) (a) यद्यपि वह अपनी पारंपरिक पोशाक में रहता था फिर भी कमर में लकड़ी की एक तलवार हमेशा बाँधे रहता था।<br>(iii) (c) वाक्य रूपांतरण के दौरान उसके अर्थ में परिवर्तन नहीं आना चाहिए।<br>(iv) (a) आप जो कुछ कह रहे हैं वह सच है।<br>(v) (b) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| | - | - | 3 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (a) जब तमाम बच्चे खिलखिलाकर हँस पड़े तो वह शरमा गया।<br>(iii) (a) सरल वाक्य में एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है।<br>(iv) (b) यदि मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे।<br>(v) (d) संयुक्त वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| **5** | **5** | - | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) तत्पुरुष समास<br>(ii) (c) तत्पुरुष समास<br>(iii) (b) महान है जो विभूति<br>(iv) (d) पंचानन<br>(v) (a) दुख रूपी रात्रि – कर्मधारय समास | **4 x 1 = 4** |
| | - | 5 | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) तत्पुरुष समास<br>(ii) (c) द्वंद्व समास | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (iii) (b) विचार में मग्न<br>(iv) (a) चतुर्भुज<br>(v) (a) कार्य का भार – तत्पुरुष समास | |
| | **-** | **-** | **6** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) उत्तर पद<br>(ii) (a) तत्पुरुष समास<br>(iii) (d) अस्थि का जाल<br>(iv) (d) लम्बोदर<br>(v) (b) पशु की प्रवृत्ति – तत्पुरुष समास | **4 x 1 = 4** |
| **6** | **6** | **3** | **5** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) बड़ा काम करना<br>(ii) (b) केवल III<br>(iii) (b) नामो-निशान मिटा देना<br>(iv) (d) आँखों में धूल झोंकना<br>(v) (a) दूध की मक्खी<br>(vi) (a) पापड़ बेलना | **4 x 1 = 4** |
| **7** | **7** | **8** | **9** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (c) भारत के प्रति शत्रुता-भाव रखने वाले का<br>(ii) (b) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।<br>(iii) (a) देश के लिए न्योछावर होने का उदाहरण रखना।<br>(iv) (d) प्रवासियों को<br>(v) (a) देश के प्रति गलत मंशा रखने वाले की | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | **7** | 7 | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) (क) और (ख)<br>(ii) (a) सुख के क्षणों में परमात्मा की याद | **2 x 1 = 2** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 9 | 10 | 10 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (b) ततांरा से छुटकारा पाने की व्याकुलता<br>(ii) (b) ततांरा के प्रति प्रेम से वह व्याकुल हो रही थी।<br>(iii) (b) मनोनुकूल<br>(iv) (c) दूसरे गाँव के वर और कन्या का वैवाहिक संबंध<br>(v) (b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है। | **5 x 1 = 5** |
| 10 | 10 | 9 | 8 | **'पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) लोक तत्त्व का अभाव<br>(ii) (c) अतीत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान में जी कर। | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| 11 | 11 | - | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**निर्देश** -<br>● दीया-बाती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं।<br>● दरिया पर जाओ तो उसे सलाम किया करो, वह खुश होता है।<br>● कबूतरों को मत सताया करो, वे हज़रत मोहम्मद को अज़ीज़ हैं।<br>● मुर्गे को परेशान नहीं किया करो, वह मुल्ला जी से पहले अज़ान देकर सबको जगाता है।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>**सीख-**<br>प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील होना<br>(ख)<br>● वामीरो का रुदन और उसकी किसी भी तरह की सहायता न कर पाने की विवशता<br>● विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ और अपनी असमर्थता पर खीझ<br>● वामीरो की माँ द्वारा गाँव वालों की उपस्थिति में किया जाने वाला अपमान<br>● गाँव के लोगों द्वारा किया गया विरोध<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2 x 3 = 6**<br><br>**2+1= 3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ग)<br>● उत्तरदायित्वबोध के कारण<br>● छोटे भाई को सही राह पर चलाने के लिए<br>● उसके सामने आदर्श प्रस्तुत करने के लिए | **3** |
| | - | **11** | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● लगातार बढ़ती आबादी, बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रकृति का अति दोहन करना<br>● पेड़–पौधों के अत्यधिक कटाव के कारण पशु-पक्षियों का आश्रय छिनना<br>● बारूदों की विनाशलीलाओं से वातावरण का प्रदूषित होना<br><br>(ख)<br>**कार्य-**<br>● एक-दूसरे से प्रेम करना<br>**क्यों-**<br>● दोनों में ही एक-दूसरे के प्रति प्रेम की अनुभूति, एक सहज समर्पण भाव<br>● प्रेम एक सहज-स्वाभाविक अहसास, जो रीति-रिवाजों, परंपराओं के बंधन से मुक्त<br><br>(ग)<br>● बुद्धिमान होना<br>● पढ़ाई को कम समय देने पर भी ध्यान से पढ़ना<br>● कक्षा में अपमान से बचने और अध्यापकों की नज़र में अच्छा बने रहने के लिए प्रयास करना<br>● बड़े भाई साहब की डाँट और उनके प्रति आदर-भाव होना | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br><br><br><br><br>**1+2= 3**<br><br><br><br><br><br>**3** |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | 11 | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग  60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● पढ़ाई, पाठ्यक्रम और पूरी शिक्षा व्यवस्था के प्रति नकारात्मक भाव और अरुचि<br>● बड़े भाई के अनुसार शिक्षा का व्यवहारोपयोगी न होना<br>● छोटे भाई के प्रति उत्तरदायित्व के अहसास के कारण अतिरिक्त मानसिक दवाब और असामान्य-अस्वाभाविक दिनचर्या<br>(ख)<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ग)<br>**गुण-**<br>● जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता<br>**प्रासंगिकता का कारण -**<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3**<br><br>**1+2= 3** |
| **12** | **12** | - | - | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग  60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**घर की प्रतीकात्मकता  -**<br>● स्वार्थ, अहंकार, अज्ञानता आदि मनोविकार<br>**प्रतीकात्मक घर जलाने का कारण  -**<br>● मनोविकारों से मुक्त होना<br>● स्वस्थ समाज का निर्माण करना<br>(ख)<br>● पर्वतों की उच्चाकांक्षाओं के प्रतीक वृक्षों का मानवीकरण<br>● शांत, निरभ्र आकाश का अनिमेष भाव से झाँकते हुए चित्रण<br>● पर्वतों के वक्ष स्थल पर उगे वृक्ष का आकाश की ऊँचाई को छूने का प्रयास | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ग)<br>● संसार हमेशा उसे याद रखता है।<br>● उस उदार व्यक्ति का सदैव उदाहरण दिया जाता है।<br>● शास्त्रों तथा कथाओं में उनका उल्लेख होता है। | **3** |
| | **-** | **12** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**कहाँ-**<br>● सर्वत्र व्याप्त<br>**कारण-**<br>● अज्ञानता, सांसारिक माया-मोह का आकर्षण<br>**कैसे-**<br>● ज्ञान, आस्था, भक्ति, विश्वास के सहारे<br>(ख)<br>● मूसलाधार बारिश के कारण<br>● अदृश्यता के कारण<br>● प्रकृति में व्याप्त भय के कारण<br>(ग)<br>**वास्तविक सामर्थ्यवान** –<br>● जो अपने सामर्थ्य से आगे बढ़े और दूसरों की भी आगे बढ़ने में सहायता करे।<br>**क्यों-**<br>● इससे व्यक्ति, समाज और विश्व का कल्याण संभव<br>● भेदभाव से मुक्त होकर आगे बढ़ने के लिए | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+1+ 1=3**<br><br>**3**<br><br>**1+2= 3** |
| | **-** | **-** | **12** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**कबीर के दुखी होने का कारण -**<br>● सांसारिक सत्य का ज्ञान<br>● लोगों की अज्ञानता का भान<br>**संसार के सुख का कारण -** | **2 x 3 = 6**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● अज्ञानता के कारण भौतिक सुख को वास्तविक सुख मानना<br>(ख)<br>● सहानुभूति, दया, उदारता, त्याग, परोपकार करते हुए मृत्यु को प्राप्त करना<br>● समस्त विश्व जीवों के प्रति समदृष्टि-समभाव रखने वाले की मृत्यु<br>● सत्कर्मों के कारण मरने के बाद भी याद की जाने वाली मृत्यु<br>(ग)<br>● पर्वतों की उच्चाकांक्षाओं के प्रतीक वृक्षों का मानवीकरण<br>● शांत, निरभ्र आकाश का अनिमेष भाव से झाँकते हुए चित्रण<br>● पर्वतों के वक्ष स्थल पर उगे वृक्ष का आकाश की ऊँचाई को छूने का प्रयास | **3**<br><br><br><br><br>**3** |
| **13** | **13** | **13** | **13** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ख)<br>● ओमा एक अनुशासनहीन छात्र था, जिसकी पढ़ाई-लिखाई में अरुचि थी।<br>● उसकी बातें, बात करने का तरीका, गालियाँ देना, लड़ना-झगड़ना आदि कदापि सराहनीय और अनुकरणीय नहीं।<br>(अन्य उचित बिंदु भी स्वीकार्य)<br>(ग)<br>● दादी के अतिरिक्त घर के सभी बड़े सदस्यों अब्बू, अम्मी, बाजी का उसे डाँटना<br>● छोटी बहन नुज़हत द्वारा उसकी कापियों पर तस्वीरें बनाकर उसे तंग करना<br>● दादी द्वारा उसे तरह-तरह की कहानियाँ सुनाना<br>● दादी की बोली और उनके बोलने के तरीके से लगाव<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2 x 3 = 6**<br>**3**<br><br><br><br>**3**<br><br><br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **14** | **14** | **15** | **15** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **14** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **16** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **18** | **18** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **17** | **14** | लगभग100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3<br>• भाषा – 1<br>• प्रभाव – 1<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |